देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 134 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...टकराव से बचें अमेरिका-चीन



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 29 जून 2019





# 6 महीने बढ़ा राष्ट्रपति शासन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारी हंगामे के बीच लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) बिल पास हो गया। इसके साथ ही राज्य में राष्ट्रपति शासन का समय 6 महीने के लिए बढ़ गया है। पहले राष्ट्रपति शासन का समय 3 जुलाई को समाप्त होने वाला था। कांग्रेस ने सदन में इस बिल का खूब विरोध किया। वहीं अमित शाह ने कहा कि चुनाव आयोग जब भी कहेगा जम्मू-कश्मीर में निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे।

शाह ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि हमारा विचार है कि देश की सीमाओं की रक्षा हो और देश आतंकवाद से मुक्त रहे। वहीं कांग्रेस ने इस बिल विरोध किया। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि बीजेपी और पीडीपी के गठबंधन के कारण स्थिति ऐसी बन गई है कि राज्य में राष्ट्रपति शासन की सीमा बढ़ानी पड़ रही है।

तिवारी ने कहा, अगर आपकी नीति आतंकवाद के खिलाफ कठोर है तो हम उसका विरोध नहीं करते। लेकिन यह बात ध्यान रखने की है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तभी जीती जा सकती है अगर राज्य के लोग आपके साथ हों।

जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) बिल 2019 लोकसभा में पास

**कांग्रेस ने लगाया आरोप**

प्रस्ताव का कांग्रेस ने विरोध किया और कहा कि सूबे में चुनी हुई सरकार होती तो यह ज्यादा अच्छा होता। यही नहीं कांग्रेस ने बीजेपी पर सत्ता का दुरुपयोग करने और जबरन राष्ट्रपति शासन लगाने का आरोप लगाया।

**अमित शाह ने दिया जवाब कहा- नेहरू ने बढ़ाई समस्या**

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेता मनीष तिवारी इतिहास की बात करते हैं। यदि इतिहास की बात करें तो देश के विभाजन के जिम्मेदार कांग्रेस ही है। हम नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर का एक तिहाई हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में है। पाकिस्तानी कबायलियों को जब सेना बाहर कर रही थी तो सीजफायर कर दिया गया। हमसे कहते हैं कि लोगों को भरोसे में नहीं लेते, लेकिन नेहरू ने गृहमंत्री को भरोसे में लिए बगैर सीजफायर कर दिया।

# जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को सेना ने किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू एवं कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ शुक्रवार को आतंकियों की मुठभेड़ हो गई। आतंकियों के साथ हुई गोलीबारी में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। मारे गए आतंकी का नाम जरार है, जो कि पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़ा हुआ था। मारे गए आतंकी के पास से काफी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया।

बडगाम के कन्नीपोरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान क्रॉस फायरिंग की चपेट में आकर एक युवक गोली लगने से जख्मी हो गया। घायल युवक की पहचान शब्बीर अहमद केरुप में हुई है। उसे उपचार के लिए शेरे कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा में दाखिल कराया गया है। डाक्टरों के मुताबिक, उसके पेट में गोली लगी है।

वहीं मुठभेड़ में मारे गए आतंकी की पहचान जरार के रूप में हुई है। वह पाकिस्तान का रहने वाला है। जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था। इससे पहले जम्मू कश्मीर के त्राल इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक आतंकी मार गिराया गया था। त्राल एनकाउंटर में मारे गए आतंकवादी की पहचान शब्बीर अहमद मलिक के रूप में हुई है। आतंकी शब्बीर अहमद मलिक त्राल के नागबाल का रहने वाला था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह शुरू में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और बाद में वह जाकिर मूसा के आतंकी संगठन में शामिल हो गया था। शब्बीर अहमद मलिक अंसार गजवात उल हिंद (एजीएच) से जुड़ा हुआ था।

पुलवामा जिले के त्राल में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना के बाद ये तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उनके चारों ओर घेराबंदी के बाद छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दीं।

**मुठभेड़**

भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पीएम के योगदान की कद्र नहीं की गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव पर गांधी-नेहरू परिवार को दरकिनार करने के कांग्रेस के आरोप पर उनके पोते एनवी सुभाष ने पलटवार किया है। तेलंगाना बीजेपी के प्रवक्ता एनवी सुभाष ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अध्यक्ष राहुल गांधी को नरसिम्हा राव के साथ हुए अन्याय के लिए मांगी मागनी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती के दौरान आयोजित कार्यक्रम में सुभाष ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने सोचा कि गांधी-नेहरू परिवार से इतर कोई आगे बढ़ जाएगा तो उनकी चमक फीकी पड़ जाएगी, इसलिए राव जी को ही किनारे कर दिया गया।

### कांग्रेस ने चला शब्स्तर दांव, मोहन मरकाम को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लिए अपना नया प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने दो बार के विधायक मोहन मरकाम को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनाया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब कांग्रेस ने बस्तर के किसी नेता को सूबे की जिम्मेदारी सौंपी है। आपको बता दें कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद सूबे में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश की जा रही थी।

### दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए जल्द चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली से वैष्णो देवी की यात्रा करने वाली तीर्थयात्रियों के लिए खुशी की खबर है। रेलवे ने अब उनके लिए दिल्ली से कटरा तक सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का फैसला लिया है। इस रूट पर ट्रेन चलाने की मंजूरी के साथ ही इसके ट्रायल के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। यह ट्रेन नई दिल्ली से वैष्णो देवी का सफर महज 8 घंटे में पूरा करेगी।

# चीन, भारत, रूस और जापान ने दी चेतावनी

## जी-20 में डोनल्ड ट्रंप ने उठाया ट्रेड का मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को जी-20 समिट में स्पष्ट किया कि व्यापार उनकी पहली प्राथमिकता है। दूसरी तरफ अमेरिका को करारा जवाब देते हुए चीन ने बढ़ते संरक्षणवाद के खिलाफ चेतावनी दी है। इसके अलावा भारत, जापान और रूस जैसी दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने बहुपक्षीय व्यापारिक नियमों का बचाव किया।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट की नीति के तहत चीन और भारत से होने वाले आयात पर टैरिफ में इजाफा किया है। चीन के साथ अमेरिका का व्यापारिक तनाव काफी बढ़ गया है। शी चिनफिंग ने कहा कि विकसित देश संरक्षणवाद की जिन नीतियों पर चल रहे हैं, वह सभी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा, इससे चलते ग्लोबल ट्रेड ऑर्डर ध्वस्त हो रहा है। इसके चलते हम सभी देशों के साझा हित प्रभावित हो रहे हैं। पूरी दुनिया में शांति और स्थिरता संकट में है।



चीन के साथ ही रूस, जापान और भारत की ओर से बहुपक्षीय व्यापारिक नियमों का बचाव करने से साफ है कि अमेरिका संरक्षणवाद की अपनी नीति पर घिरता नजर आ रहा है।

जी-20 समिट से इतर अमेरिकी प्रेजिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पीएम शिंजो आबे से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात से पहले ट्रंप ने कहा, मैं सोचता हूं कि हम कुछ बड़ी चीजों पर घोषणाएं करने जा रहे हैं। हम बहुत बड़ी ट्रेड डील कर सकते हैं। कारोबार और मैन्युफैक्चरिंग के मामले में हम भारत के साथ कई बड़ी चीजें कर रहे हैं।

**हुवावे को लेकर अमेरिकी चिंताओं पर भी चर्चा**

आज अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन के प्रेजिडेंट शी चिनफिंग के साथ बैठक है। इस दौरान चीनी टेलिकॉम कंपनी हुवावे को लेकर अमेरिकी चिंताओं पर भी चर्चा हो सकती है। अमेरिका ने चीन पर हुवावे कंपनी के 5 जी नेटवर्क को रोकने का दबाव बनाया है। शी चिनफिंग और डॉनल्ड ट्रंप के बीच मीटिंग में यह भी एक मुद्दा हो सकता है।

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** छत्तीसगढ़। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान शहीद, एक महिला की मौत

बीजापुर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवान शहीद हो गए और एक महिला की मौत हो गई। हमले में दो जवान मुठभेड़ के दौरान ही शहीद हो गए थे। बीजापुर जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के करीब जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की 199वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक मधु पाटिल, सहायक उपनिरीक्षक मदन पाल और हवलदार ताजू ओटी शहीद हो गए। वहीं एक अन्य जवान घायल हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में वाहन में सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि एक युवती घायल हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक दल को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब केशकुतुल गांव के करीब जंगल में था तभी नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारी बारिश से मुंबई का बुरा हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मायानगरी मुंबई साल के अपने सबसे मुश्किल मौसम से गुजर रही है। शुक्रवार को पहली ही तेज बारिश ने मुंबईवासियों को बांधकर रख दिया। बीएमसी की तैयारियों के बावजूद मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में जलभराव हो गया है। इस कारण ट्रैफिक बाधित होने से जाम की स्थिति पैदा हो गई।

**अगले 24 से 48 घंटे में भारी बारिश का अनुमान**

विजिबिलिटी कम होने से हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है, लेकिन यह अभी आंशिक ही है। अगले 48 घंटे मुंबईकर्स के लिए और चुनौतीपूर्ण हैं। मौसम विभाग ने भारी से बेहद भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

बारिश और जाम के बाद ऐप के जरिए कैब सेवा प्रदान करने वाली ओला और ऊबर जैसी कंपनियों ने अपने रेट बढ़ा दिए हैं। बताया जा रहा है कि कैब के रेट सामान्य से दो गुना तक बढ़ गए।

इसके बावजूद मुंबई के कई इलाकों के लोगों ने कैब न मिलने की बात शिकायत की। यहीं नहीं, कुछ रूट्स पर टैक्सी और ऑटो वालों ने जाने से साफ इनकार कर दिया है।